कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय
आफिस कॉम्पलेक्स (बी) ब्लॉक, गौतम नगर, भोपाल–23, मध्यप्रदेश

क्रमांक / तक. / निजी क.हा.के. / 2017–18 / 987 भोपाल, दिनांक 7/4/17

निजी क्षेत्र में कस्टम हायरिंग केन्द्र स्थापित करने हेतु आवेदनों के आमंत्रण की सूचना (वर्ष 2017–18)

कृषकों को कृषि फसलों अथवा उद्यानिकी फसलों हेतु किराये पर ट्रैक्टर एवं यंत्र उपलब्ध कराकर सेवाऐं देने के उद्देश्य से बैंक ऋण आधार पर कस्टम हायरिंग केन्द्र स्थापित करने के इच्छुक व्यक्तियों से "ऑन–लाईन" आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। ये कस्टम हायरिंग केन्द्र प्रदेश के विभिन्न जिलों में खोले जाना हैं। प्रत्येक जिले हेतु 10 कस्टम हायरिंग केन्द्र स्थापित करने के लक्ष्य है (8 केन्द्र सामान्य श्रेणी, 1 केन्द्र अनुसूचित जाति एवं 1 केन्द्र अनुसूचित जनजाति श्रेणी के आवेदको हेतु आरक्षित)। न्यूनतम बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण की शैक्षणिक योग्यता रखने वाले तथा दिनांक 01 अप्रेल 2017 की स्थिति में न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष आयु के व्यक्ति ही आवेदन करने हेतु पात्र होंगें। एक ग्राम अथवा एक परिवार में एक से अधिक केन्द्र नहीं दिये जायेंगें। प्रत्येक केन्द्र हेतु आवश्यक ट्रेक्टर एवं कृषि यंत्रों अथवा उद्यानिकी से संबंधित कृषि मशीनों के कय की लागत का सामान्य वर्ग के आवेदकों को 40 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के आवेदकों को 50 प्रतिशत अधिकतम रू. 10 लाख तक का केडिट लिंक्ड बैक एण्डेड (Credit Linked Back Ended) अनुदान दिया जायेगा। **आवेदन ऑन–लाईन भरे जाने होंगें** जो एम.पी.ऑन लाईन पोर्टल (www.mponline.gov.in) अथवा उनके कियोस्क के माध्यम से **दिनांक 12 अप्रेल 2017 से 30 अप्रेल 2017** तक भरे जा सकेंगे। प्रत्येक आवेदक को आवेदन के साथ धरोहर राशि का ड्रॉफ्ट लगाया जाना होगा। सामान्य वर्ग के आवेदकों को राशि रू. 5000(पांच हजार) तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के आवेदकों को राशि रू. 2000(दो हजार) का डिमांड ड्रॉफ्ट लगाना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट आवेदक के जिले हेतु अधिकृत कृषि यंत्री / कार्यापालन यंत्री के नाम से बनाया जाना होगा। कृषि यंत्री / कार्यपालन यंत्री एवं उनके कार्यक्षेत्र के जिलों का विवरण नीचे दिया गया है। ऑनलाईन आवेदन के समय ड्राफ्ट की स्केन कॉपी अपलोड की जाना होगी तथा अभिलेखों के सत्यापन के समय उक्त ड्राफ्ट संबंधित कृषि यंत्री कार्यालय में जमा कराया जाना होगा। योजना के अंतर्गत उपयुक्त पाये गये आवेदकों की धरोहर राशि केन्द्र स्थापना के उपरांत लौटाई जा सकेगी, किंतु यदि आवेदक केन्द्र स्थापित करने में असफल रहता है तो धरोहर राशि शासन द्वारा राजसात कर ली जायेगी। प्रत्येक जिले हेतु हितग्राहियों का चयन लॉटरी पद्धति से किया जावेगा। एक व्यक्ति केवल एक जिले / ग्राम हेतु ही आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा। **एक से अधिक जिलों / ग्रामों हेतु आवेदन प्रस्तुत किये जाने की स्थिति में उसके सभी आवेदन निरस्त कर दिये जावेंगे।** जिन ग्रामों में पूर्व से ही कस्टम हायरिंग केन्द्र स्थापित किये जा चुके है उन ग्रामों के आवेदकों को इस योजना के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत करने की पात्रता नहीं होगी। प्राप्त आवेदन

केवल इसी वित्तीय वर्ष 2017–18 हेतु मान्य होंगे। विस्तृत विवरण संचालनालय की वेबसाईट (www.mpdage.org) पर देखा जा सकता है। ऑनलाईन आवेदन उपरांत आवेदकों के मूल अभिलेखों का सत्यापन उनके जिले से संबंधित संभागीय कृषि यंत्री/कार्यपालन यंत्री कार्यालयों में दिनांक 3 मई 2017 से 6 मई 2017 तक कार्यालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक किया जायेगा। अभिलेख सत्यापन में उपयुक्त पाये गये आवेदकों की श्रेणीवार तथा कृषि संकाय स्नातक अनुसार लॉटरी दिनांक 9 मई 2017 को संबंधित कृषि यंत्री/कार्यपालन यंत्री कार्यालय में दोपहर 12.00 बजे से प्रारंभ की जायेगी।

कमांक	आवेदन का जिला	अधिकारी जिसके नाम धरोहर राशि का बैंक ड्राफ्ट बनाया जाना है।	संभागीय कृषि यंत्री कार्यालय का पता तथा दूरभाष कंमाक
1	भोपाल संभाग एवं नर्मदापुरम संभाग के सभी जिले।	"कृषि यंत्री, भोपाल"	संभागीय कृषि यंत्री, जेल रोड, ग्राम–बड़वई भोपाल दूरभाष – 0755–2736200
2	इन्दौर संभाग एवं उज्जैन संभाग के सभी जिले।	"कृषि यंत्री, इन्दौर"	संभागीय कृषि यंत्री,303 सेटेलाईट बिल्डिंग, जिला प्रशासनिक संकुल, कलेक्ट्रेट भवन, इन्दौर दूरभाष – 0731–2368440
3	रीवा संभाग एवं शहडोल संभाग के सभी जिले।	"कृषि यंत्री, सतना"	संभागीय कृषि यंत्री, सिविल लाईन, सतना, दूरभाष – 07672–222223
4	जबलपुर संभाग के सभी जिले।	"कृषि यंत्री, जबलपुर"	संभागीय कृषि यंत्री, संजय नगर, आधारताल, जबलपुर दूरभाष –0761–2680928
5	सागर संभाग के सभी जिले।	"कार्यपालन यंत्री, सागर"	संभागीय कार्यपालन यंत्री, वृंदावन बाग ट्रस्ट, गोपालगंज, सागर दूरभाष – 07582–241554
6	ग्वालियर संभाग एवं चंबल संभाग के सभी जिले।	"कृषि यंत्री, ग्वालियर"	संभागीय कृषि यंत्री, मेला ग्राउंड के सामने, ग्वालियर, दूरभाष – 0751–2364595

संचालक कृषि अभियांत्रिकी
म.प्र. भोपाल